प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 29.11.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज जैसलमेर से दिल्ली के बीच चलने वाली नई एक्सप्रेस रेलगाडी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने जैसलमेर रेल्वेस्टेशन से इस उद्घाटन स्पेशल एक्सप्रेस रेलसेवा की शुरूआत की। ये सेवा 1 दिसम्बर से नियमित रूप से शुरू हो जायेगी। ये नई सुपरफास्ट रेलगाडी जैसलमेर से रवाना होकर आशापुरा, रामदेवरा, फलौदी, मारवाड, जोधपुर, जयपुर और अलवर होते हुए दिल्ली शकूरबस्ती स्टेशन पंहुचेगी। उद्घाटन समारोह के बाद मीडिया से बातचीत में श्री वैष्णव ने कहा कि ये सीधी ट्रेन दिल्ली तक की यात्रा को सुगम बनायेगी। इसके साथ ही पर्यटन को भी नई गति देगी।

.....

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज छत्तीसगढ़ के रायपुर में डीजीपी और आईजी के 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे हैं। तीन दिन के इस सम्मेलन का उद्घाटन कल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया था। इस मौके पर श्री शाह ने कहा कि इस सम्मेलन को आंतरिक सुरक्षा के समाधानों के एक पोर्टल के रूप में तैयार किया गया है, जो रणनीति और नीति निर्माण के लिए व्यापक सिद्धांत प्रस्तुत करता है। श्री शाह ने कहा कि देश ने पिछले 11 वर्षों में कट्टरपंथ, उग्रवाद, विद्रोह और नशीले पदार्थों के विरुद्ध अपने अभियानों में उल्लेखनीय प्रगति की है। गृहमंत्री ने उल्लेखनीय सेवा के लिए पुलिस पदक भी प्रदान किए और तीन सर्वश्रेष्ठ पुलिसथानों को ट्रॉफी दी।

0000

केन्द्र सरकार ने कोटा में नये पशु आहार संयंत्र की स्थापना को मंजूरी दी है। 71 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से बनने वाला ये प्लांट क्षेत्र के पशुपालक किसानों के लिए बडी सौगात है। ये संयंत्र आधुनिक तकनीक और उच्च पोषण मानको वाला होगा। इससे प्रतिदिन डेढ सौ मिट्रिक टन उत्पादन क्षमता रहेगी जिसे आगे बढ़ाया जायेगा। इस संयंत्र के बनने से हाडोती क्षेत्र के पशुपालको को कम लागत में अच्छी क्वालिटी वाला पोषण युक्त पशु आहार मिल सकेगा।

0000

धौलपुर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने कल कृषि उपज मंडी के सचिव को 45 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। मंडी सचिव ने ये राशि एक व्यापारी को आडत का लाईसेंस जारी करने की एवज में ली थी। टीम ने मंडी में ही इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

0000

प्रदेश में 1 दिसम्बर से उत्तरी हवायें तेज होने तथा शीतलहर का दौर शुरू होने के आसार है। मौसम विभाग ने अगले दो तीन दिनों में तापमान में हल्की गिरावट होने तथा 2 से 4 दिसंबर के बीच शेखावाटी क्षेत्र में शीतलहर का येलो अलर्ट बताया है। आज सबसे कम 8 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान बीकानेर के लूणकरणसर में रहा। शेखावाटी क्षेत्र में रात का पारा 8 से 9 डिग्री से. के बीच दर्ज किया जा रहा हैं। शेष ज्यादातर हिस्सों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से ऊपर रहा। इस बीच राज्य के कई हिस्सों में बीते 24 घंटों में हुई बारिश के बाद कई जगह कोहरा छाया हुआ है। हनुमानगढ़, पाली, राजसमंद, चित्तौडगढ और भीलवाडा में कल भी मध्यम से घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

0000

सर्दी के मौसम में कोटा में निशुल्क कंबल निधि प्रकल्प की शुरूआत हो गई है। एमबीएस अस्पताल और मेडिकल कॉलेज परिसर में कल विधायक संदीप शर्मा और उपभोक्ता भण्डार के चेयरमैन हरिकृष्ण बिरला ने तिमारदारों को कंबल भेंट कर इसकी शुरूआत की। गौरतलब है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने वर्षो पूर्व इसकी शुरूआत की थी और सेवा भाव के साथ ये प्रकल्प आज भी जारी है। दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों से ईलाज के लिए कोटा आने वाले लोगों के परिजनों को निशुल्क कंबल के इस प्रकल्प से काफी राहत मिलती है।

0000

प्रदेश में बीती रात छब्बीस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों के तबादले किये गये है। गृह विभाग के संयुक्त शासन सचिव की ओर से जारी आदेशों के अनुसार इस सूची में जयपुर, जोधपुर बीकानेर, झालावाड, अजमेर, करौली और दौसा सहित कई जिलों और रेंजों में किया गया पदस्थापन परिवर्तन शामिल है।

0000

प्रधानमंत्री श्री मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की 128वीं कड़ी में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम को पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। आकाशवाणी से हिंदी में प्रसारण के बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

0000